हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 25 अप्रैल 2024

04 मतदान केन्द्र के अंदर की फोटो ग्राफी, वीडियो ग्राफी...



07 कक्षा 10वीं में 49.17 तो कक्षा 12वीं में 60.56 प्रतिशत ...





## खबर संक्षेप

### निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं बन सकेंगे उम्मीदवारों के मतदान व मतगणना एजेंट

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग ने किसी निर्वाचन में केन्द्र व राज्य सरकार के मंत्रियो और सांसदो, विधानसभा एवं विधान परिषदो के सदस्यों तथा राज्य का सुरक्षा कवर प्राप्त किसी अन्य व्यक्ति को चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारो के निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता बनाने पर रोक लगाई है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ रहने वाले सुरक्षा कर्मियों को मतदान केन्द्र एवं मतगणना केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती है और न ही उनकी सुरक्षा को उनके सुरक्षा कर्मियो की अनुपस्थिति में खतरे में डाला जा सकता है। आयोग के मुताबिक सुरक्षा कवर वाले किसी व्यक्ति को निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता बनाने के लिए सुरक्षा कवर वापस करने की अनुमति भी नही दी जा सकती है।

### क्रिटिकल बूथों पर तैनात किए जाएंगे माइक्रो आब्जर्बर

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा का स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने बेबकास्टिंग या सीसी टीव्ही कैमरों से नजर रखने के अलावा प्रत्येक क्रिटिकल बूथ पर माइक्रो आब्जर्बर भी तैनात करने के निर्देश दिये हैं । निर्वाचन आयोग के निर्देश हैं कि गैर सीएपीएफ ( केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) उपायों में एक के रूप में माइक्रो आब्जर्बर को भी मतदान के दिन महत्वपूर्ण मतदान केंद्रों के लिये नियुक्त किया जा सकता है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक माइक्रो आब्जर्बर क्रिटिकल बूथों पर मतदान के दिन की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखेगा। उसका कार्य यह देखना है कि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष और स्वतंत्र रीति से चले तथा मतदान प्रक्रिया दूषित न हो। निर्वाचन आयोग के मुताबिक माइक्रो आब्जर्बर मतदान के दिन निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक के निरंतर सम्पर्क में रहेंगे तथा मतदान को प्रभावित करने सकने वाली प्रत्येक गतिविधि की सूचना सीधे मोबाइल फोन या वायरलेस या संचार के अन्य किसी साधन से सामान्य प्रेक्षक को देंगे। मतदान समाप्ति के बाद माइक्रो आब्जर्बर निर्धारित प्रारूप में अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में सामान्य प्रेक्षकों को ही सौपेंगे।

### मतपत्रों में चुनाव चिन्ह के साथ उम्मीदवारों के फोटो भी होगा

**सागर।** लोकसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की बैलेट यूनिट पर चस्पा किये जाने वाले मतपत्रों में उम्मीदवारों के नाम, पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह के साथ फोटो तथा सर्विस वोटर्स को जारी किये जाने वाले डाक मतपत्रों पर उम्मीदवारों के नाम और पार्टी के नाम के साथ फोटो भी अंकित होंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा उम्मीदवारों के नाम, पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह के साथ मतपत्रों में फोटो अंकित करने के ये निर्देश एक ही या मिलते जुलते नाम के दो या दो से अधिक उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने के पूर्व में सामने आये प्रकरणों को देखते जारी किये गये हैं । मतपत्रों पर उम्मीदवारों का फोटो उसके नाम और चुनाव चिन्ह के बीच में दो गुना ढ़ाई सेंटीमीटर के आकार (स्टेम्प साइज) में अंकित किये जायेंगे । मतपत्रों पर फोटो अंकित करने के लिए उम्मीदवारों को अपने फोटो नाम निर्देशन पत्र के साथ ही प्रस्तुत करने कहा गया था । उम्मीदवारों से कहा गया था कि मतपत्रों पर अंकित करने के लिए उन्हें अपने ऐसे फोटो देने होंगे जो तीन माह से अधिक पुराने न हों । ज्ञात हो कि पहली बार विधानसभा चुनाव-2018 और उसके बाद लोकसभा चुनाव-2019 एवं विधानसभा चुनाव-2023 में भी मतपत्रों पर उम्मीदवारों के फोटो अंकित किये गये थे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बड़तूमा में जनसभा को किया संबोधित

# धर्म के आधार पर आरक्षण देने की घोर साजिश कर रही है कांग्रेसः नरेन्द्र मोदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर के बड़तूमा में निर्माणाधीन संत रविदास मंदिर और संग्राहलय के प्रागंण में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो एक्स-रे हथकंडा अपनाकर आपके घर और लॉकर में रखी संपत्ति लूट लेगी। कांग्रेस का हिडन एंजेडा भी यही है कि लोगों को विरासत में मिली संपत्ति को टैक्स लगाकर लूट ले। सागर संसदीय क्षेत्र की भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार डॉ. लता वानखेडे. के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद राजबहादुर सिंह, पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव, पूर्व मंत्री एवं विधायक भूपेन्द्र सिंह ठाकुर, विधायक द्वय प्रदीप लारिया एवं शैलेन्द्र जैन, विदिशा के सिरोंज के विधायक उमाकांत शर्मा, कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, शमसाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा, पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने ओबीसी समाज के आंखों में धूल झोंकने का काम किया है। ओबीसी के हक का हिस्सा कांग्रेस ने छीन लिया। ओबीसी वर्ग की सबसे बडी दुश्मन है कांग्रेस। कांग्रेस ने सामाजिक न्याय की हत्या भी की है। उसने संविधान की भावना को ठेस पहुंचाई है। अब धर्म के आधार पर आरक्षण देने का खेल, खेल रही है कांग्रेस।




इस खेल को बंद करने के लिए मोदी को 400 पार सीटें चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी को धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कांग्रेस की ऐसी सच्चाई सामने आने से हर देशवासी सन्न है। हमारा संविधान साफ-साफ मना करता है कि किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। बाबा साहब अंबेडकर भी धर्म के आधार पर आरक्षण देने के खिलाफ थे। लेकिन कांग्रेस ने साल दर साल भांति -भांति के तरीके अपनाकर देशवासियों की आंखों में धूल झोंकी है। कांग्रेस का प्रयास है कि सत्ता में आने पर एससी, एसटी, ओबीसी का 15 प्रतिशत कोटा काट दिया जाए। कांग्रेस जो फार्मूला देश में लागू करना चाहती है, उसे हमे रोकना होगा। कांग्रेस के खतरनाक मनसूबों को पूरा नहीं होने देगें। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे ओबीसी के आरक्षण की रक्षा करना है, मैं ओबीसी को संरक्षण दूंगा। कांग्रेस चाहती है जिन्दगी के साथ भी लूट जिन्दगी के बाद भी लूट मोदी ने कहा कि कांग्रेस के एक्स-रे वाले हथकंडे से यदि आपके घर या लॉकर में कुछ रखा है, तो उसे छीन लिया जाएगा। मंगलसूत्र रखा है तो उसे भी छीन लेगें। यदि दो घर है तो एक घर कांग्रेस ले लेगी। दो गाडी हैं तो एक कांग्रेस ले लेगी। आपसे सब कुछ छीन कर वो अपने वोट बैंक को देना चाहती है। कांग्रेस पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाली संपत्ति लूटना चाहती है। कांग्रेस की मंशा है कि जिदंगी के साथ भी लूट और जिदंगी के बाद भी लूट। कांग्रेस को भारतीय संविधान से नफरत है। वह समाज को आपस में लड़वाने के लिए तरह तरह के पैतरे अपना रही है। हमारी आस्था पर हमला कर रही है। भगवान श्री राम को काल्पनिक बताने वाली कांग्रेस ने श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकरा दिया तो हमें भी कांग्रेस को चुनाव में ठुकरा देना चाहिए। कांग्रेस को सिर्फ राम मंदिर से नफरत नहीं है बल्कि मंदिर जाने वालों से भी नफरत है। बड़तूमा में संत रविदास मंदिर की जगह कांग्रेस ने कुछ और बनाने को कहा था। देश में विकास तभी आया जब कांग्रेस गई और भाजपा आई मोदी ने कहा कि देश और विकास के लिए मजबूत सरकार क्यों जरूरी है, यह सागर के लोग जानते है। विकास तभी होता है जब सही नीतियां हो, सही विजन हो। देश में विकास तभी आया जब कांग्रेस गई और भाजपा आई। पहले मध्यप्रदेश की पहचान बीमारू राज्य की थी, आज मध्यप्रदेश विकास की नई उंचाईयों को छू रहा है। केन-बेतवा लिंक परियोजना का ऐतिहासिक काम शुरू हो गया है। सागर में सरकार ने मेडिकल कालेज बनवाया 50 हजार करोड़ की लागत से बीना में पेट्रो केमिकल कॉम्पलेक्स बनेगा। स्वास्थ्य, शिक्षा और पानी की सभी जरूरतें एक साथ पूरी हो रही है।

यहां उद्योगों के लिए नये रास्ते खुलेंगे। डॉ. मोहन यादव और उनकी टीम लगातार इस दिशा में दिन रात काम कर रही है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में अन्न वितरित किया जा रहा है। अगले 5 साल तक गरीबों को राशन की चिंता नहीं करना होगी। गैस, बिजली, पानी, टॉयलेट जैसी सुविधाएं हम हर-घर तक पहुंचा रहे है। स्व सहायता समूह की 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का संकल्प भाजपा ने लिया है। उन्होंने लोगों से कहा कि पहले भी आपने भाजपा को बहुमत से जिताया था, इस बार भी भारी बहुमतों से जिताईये। आपको कितनी भी व्यस्तता क्यों न हो देश के लिए एक वोट देने का समय देना ही होगा। मताधिकार का उपयोग राष्ट्र निर्माण में अवश्य करें तथा घर-घर जाकर दूसरों से भी मतदान की अपील करें।

## हॅसिया व फरसा से हमला कर हत्या करने वाले आरोपियों को आजीवन कारावास



**सागर।** पुरानी बुराई पर हॅसिया एवं फरसा से हमला कर हत्या करने वाले आरोपीगण हनुमत कुर्मी एवं दुर्गा पटेल को भा.द.वि. की धारा-302/34 के तहत आजीवन सश्रम कारावास एवं दो-दो हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से विशेष न्यायाधीश जिला-सागर प्रशांत कुमार सक्सेना की अदालत ने दंडित किया। शेष आरोपीगण को संदेह का लाभ देते हुये न्यायालय द्वारा दोषमुक्त किया गया। मामले की पैरवी प्रभारी उप-संचालक (अभियोजन) धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सौरभ डिम्हा ने की । जिला अभियोजन सागर के मीडिया प्रभारी सौरभ डिम्हा ने बताया कि फरियादी द्वारा थाना मोतीनगर में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि 28 जनवरी 2023 की रात्रि करीब 9:00 बजे की बात है मै घर पर था मेरे पड़ोस में रहने वाले हनुमत कुर्मी से मेरे परिवार की पुरानी बुराई चल रही है इस बात पर से हनुमत कुर्मी गंदी-गंदी गालियॉ दे रहा था उसे गाली देने से मना किया तो वह अपने घर की छत पर जाकर मेरे घर पर ईंट फेंककर मारने लगा और फिर हनुमत कुर्मी अपने हाथ में हॅसियॉ, उसका लड़के विक्रम कुर्मी डंडा, छोटू कुर्मी कुल्हाड़ी और हनुमत की पत्नी डंडा लेकर मेरे घर के सामने आ गये और गंदी-गंदी गाली देकर हनुमत हॅसिया लेकर मुझे मारने दौड़ा इतने में उसका रिष्तेदार दुर्गा पटैल फरसा व हनुमत का दामाद कटर लिये आ गये फिर बीच-बचाव करने आये मेरे पिता प्रकाष कुर्मी को जान से मारने की नियत से हनुमत, दुर्गा पटेल, हनुमत के दामाद ने, छोटू कुर्मी, विक्रम व पानबाई ने मारपीट किया जिससे मेरे पिता को सिर ,गर्दन,छाती में दोनों, हाथों के पंजोंमें, पेट में चोट आई खून निकल आया और बेहोश हो गये तथा बीच-बचाव करने में मुझें मूँदी चोटें लगी है। पिताजी की हालत खराब होने पर उन्हें भाग्योदय अस्पताल ले गये तो उन्होने तिली अस्पताल जाने को कहा उसके बाद बीएमसी गये जहॉ डॉक्टर द्वारा पिताजी की मृत्यु हो जाना बताया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेख किये गये, घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित कर थाना- द्वारा भा.द.वि. की धारा-294, 147, 148, 149, 323, 302 का अपराध आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।अभियोजन द्वारा अभियोजन साक्षियों एवं संबंधित दस्तावेजों को प्रमाणित किया गया एवं अभियोजन ने अपना मामला संदेह से परे प्रमाणित किया। जहॉ विचारण उपरांत विशेष न्यायाधीश जिला-सागर प्रशांत कुमार सक्सेना की न्यायालय ने आरोपीगण को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया।

## 96 रोगियों का निःशुल्क परामर्श व परीक्षण



**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 128वा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 96 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श डॉ. राजेश शुक्ला द्वारा दिया गया, योग परामर्श, आयुर्वेद एवं आहार का आयुर्वेद संबंधित सामग्री निःशुल्क वितरित की गई शिविर में 31 रक्तालप्ता, 65 रक्त शर्करा (एचबी-1एसी), बी.एम.डी. (बोन मिनिरल डेनसिटी) की जांच की गई। चांदपुर, टीला बुजुर्ग, रजाखेड़ी, मकरोनिया, बहेरिया, विश्वविद्यालय एवं विभिन्न अंचलों के लोग शामिल हुए। इस शिविर में संजय गुप्ता, अजय दुबे, आर.के. रावत, वीरेन्द्र गोस्वामी, सत्येश शुक्ला का विशेष सहयोग रहा। शिविर का आयोजन शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, 5 सिविल लाइंस सागर में किया गया है। आगामी शिविर का आयोजन 22 मई को किया जायेगा।

## सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ाकोटा के छात्रों ने किया नगर का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

सागर जिले के गढ़ाकोटा के विद्यालय के दो उत्कृष्ट छात्रों ने जारी किए गए परिणामों में बड़ी कमयाबी हासिल की है। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा बहिन खुशबू लोधी ने कक्षा दसवी में 500 में से 484 अंक 96.80% प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान एवं भैया उदय तिवारी ने 500 में से 482 अंक, 96.40% प्राप्त कर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। बहिन खुशबू और भैया उदय ने अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्टता के माध्यम से जिले में अपना नाम रोशन किया है। उनके इस सफलता का सम्मान हमें प्रेरित करता है और हमें उनके द्वारा स्थापित उत्कृष्टता के माध्यम से और अधिक प्रेरित करता है। विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार सिंह, प्रधानाचार्य दयाराम पटेल, व्यवस्थापक मनोज तिवारी





एवं समस्त आचार्य परिवार ने ने इन दोनों छात्रों को उनकी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई दी है और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में भी हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राएं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे और समाज के लिए एक मार्गदर्शक बनेंगे।

## चार मैरिज गार्डन संचालकों ने कचरा प्रबंधन की राशि जमा करना की प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देश अनुसार शहर में स्थित चार मैरिज गार्डन के संचालकों द्वारा आज निगम कार्यालय मे डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कचरा प्रबंधन की मैरिज गार्डन पर बकाया राशि किस्तों में जमा करने के निवेदन के पश्चात बकाया राशि की पहली किस्त निगम कार्यालय में जमा कर दी है और शीघ्र ही पूरी राशि जमा करने का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि 23 अप्रैल को नगर निगम द्वारा शहर में स्थित विभिन्न मैरिज गार्डन द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन -कचरा प्रबंधन की राशि जमा न करने पर मैरिज गार्डन के संचालको को नोटिस जारी किए गए थे जिसमे उन्हें यह बकाया राशि तीन दिवस के भीतर जमा करने की हिदायत दी गई थी, अन्यथा मैरिज गार्डन के पंजीयन का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा तथा उसे अनाधिकृत घोषित करने की कार्यवाही की जाएगी जिसके परिणाम स्वरूप चार मैरिज गार्डन संचालकों द्वारा बकाया राशि को किस्तों में जमा करने के निवेदन के साथ बकाया राशि की पहली किस्त निगम कार्यालय में जमा कर दी । इस संबंध में राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी ने बताया कि रुद्राक्ष मैरिज गार्डन संचालक द्वारा प्रथम किस्त के रूप में पचास हजार, स्तुति मैरिज गार्डन द्वारा पचीस हजार की राशि, लक्ष्मीनारायण वाटिका के संचालक द्वारा पचास हजार की राशि और राघव मैरिज गार्डन संचालक द्वारा पचास हजार की राशि प्रथम किस्त के रूप में निगम कार्यालय में जमा कर दी और शेष राशि शीघ्र जमा करने का आश्वासन दिया है। अन्य मैरिज गार्डनो के संचा लकों को कचरा प्रबंधन की राशि जमा करने हेतु नोटिस देने की कार्रवाई प्रारंभ की गई है और गार्डनो के संचालको द्वारा समय सीमा के भीतर कचरा प्रबंधन की राशि जमा नहीं करने पर नियम अनुसार उनके मैरिज गार्डन का पंजीयन का नवीनीकरण न करने तथा अनाधिकृत घोषित करने की कार्रवाई की जाएगी।

## नच बलिये सीजन 11: डांस सिंगिंग, फैशन शो व मेधावी छात्राओं का सम्मान जून में




**सागर।** मनवानी फिल्म्स द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नच बलिये सीजन 11 का मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है संस्था डायरेक्टर राजेश मनवानी ने बताया की इस प्रतियोगिता में 5 से 30 वर्ष तक के युवा युवतियां भाग ले रहे है । एवं सिंगिंग प्रतियोगिता में 30 से 65 वर्ष तक प्रतिभागी भाग ले सकते है मनवानी फिल्म्स के संयोजक समाजसेवी डॉ. सुरेशचंद रावत, सुरेश मोहनानी, मनोज जैन (ढोलक), चंद्रकांत भाई पटेल ने बताया की युवाओ के आकर्षण हेतु नच बलिये डांस सिंगिंग, फैशन शो एवं ग्रुप डांस का मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । सागर शहर व आसपास की उभरती प्रतिभाओ को मंच प्रदान किया जायेगा इसमें जहा युवा अपनी मधुर वाणी और कंठ से सुर ताल लय की प्रस्तुतिया देकर प्रशस्ति पत्र प्राप्त करेंगे। डायरेक्टर राजेश मनवानी ने बताया की इस महत्पूर्ण आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त सामाजिक कार्यकर्ताओ, पत्रकारों का सम्मान एवं अलंकरण भी डॉ. हरिसिह गौर की नगरी में रविंद्र भवन में किया जाएगा।




## अधिवक्ता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत

**गढ़ाकोटा।** अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रकुमार वलेजा राष्ट्रीय प्रभारी माधव मालवीय का अधिवक्ता संघ गढाकोटा में आगमन होने पर स्वागत कार्यक्रम रखा गया, उक्त स्वागत कार्यक्रम में शाल-श्रीफल व पुष्पगुच्छ से स्वागत उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रकुमार वलेजा ने अधिवक्ता संघ गढाकोटा के पदाधिकारीगण एवं कार्यकारिणी सदस्यो का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा मध्यप्रदेश में एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने की मांग के लिये एक-दूसरे का सहयोग मांगा, जो अधिवक्ता संघ गढाकोटा के अध्यक्ष जमील कुरैशी ने पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विनोद पटैल, कोषाध्यक्ष बहराम खान, सहसचिव खेमचंद कुर्मी तथा कार्यकारिणी सदस्य हेमराज प्रजापति, टीकाराम पटैल, काशीराम कुर्मी के अलावा संघ के वरिष्ठ सदस्य जे.पी. चौदहा, राजेन्द्र चौबे, विवेक भागवत, कैलाशनाथ श्रीवास्तव, संदीप कुर्मी, जागेश्वर खरे, शशि कुमार खत्री, परषोत्तम कुर्मी, उमेश कुर्मी, इत्यादि के साथ ही मुंशीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पुस्तकालय अध्यक्ष राजाराम कोरी ने किया व आभार सचिव डी.पी. लड़िया ने माना।




## संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन,76 भाई बहनों ने रक्त डोनेट किया

**सागर।** संत निरंकारी सत्संग भवन शास्त्री वार्ड में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जो सुबह 7:30 बजे ही डॉक्टर्स की टीम आ गई थी और सुबह 8:00 बजे रक्तदान शिविर चालू हुआ जो कि दो दोपहर 1:00 बजे तक चला इस रक्तदान शिविर में 76 रक्त दाताओं ने अपना ब्लड डोनेट किया । निरंकारी मीडिया सहायक सुनील कुमार मनवानी ने बताया कि इस ब्लड डोनेशन में उद्घाटन ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. अमर गंगवानी, जिला चिकित्सालय ब्लड बैंकअधिकारी डॉ,आर.के.बिंदुआ एवं निरंकारी जोनल इंचार्ज नारायणदास निरंकारी जी ने किया । इस मौके पर डॉ के.डी.साहू, डॉ.हिमानी यादव, प्रेरणा गोयल, गोविन्द रोहित, रानी प्रजापति, प्रीती जैन एवं बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज एवं उनके साथ आए हुए समस्त मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट्स उपलब्ध भी रहें। इस रक्तदान शिविर में नारायणदास निरंकारी ने फरमाया कि लगभग 37 सालों से संत निरंकारी मिशन रक्तदान डोनेशन कैंप आयोजन कर रहा है । जिसमें लगभग 32 लाख यूनिट रक्त कलेक्ट कर के सरकारी हॉस्पिटलों को दिया गया है। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन का नाम सबसे ज्यादा रक्त दाताओं में गिनीज आफ बुक में भी दर्ज किया गया है। इस रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य है सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने फरमाया था कि रक्त नालियों में नहीं नाडियों में बहना चाहिए । क्योंकि जब कोई रक्त देता है तो किसी चार इंसानों को जीवन दान मिलता है । रक्त कहीं बाजार में नहीं उपलब्ध होता है रक्तदान करके ही हम अपना रक्त किसी के काम आए इस उद्देश्य से ही यह रक्तदान शिविर लगाए जाते हैं । इस रक्तदान शिविर में सागर संयोजक एवं सागर जोन के जोनल इंचार्ज श्री नारायण दास निरंकारी जी ने आए हुए सभी अतिथियों का बुके एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया ।

### एक नई परंपरा हुई स्थापित, प्रत्येक जुलूस के साथ दिखने लगा निगम सफाई मित्रों का जुनून

# स्वच्छता की गागर-अपनों सागर के तहत हनुमान जयंती पर एक बार पुनः एक घंटे में साफ हुआ शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

हनुमान जयंती के अवसर पर नगर में कई स्थानों से निकाली गई शोभा यात्राओ के दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता की गागर-अपनों सागर अभियान के अंतर्गत नगर निगम के सफाई मित्रों द्वारा एक घंटे के भीतर शोभा यात्रा के मार्गों की सफाई कर पुनः एक बार स्वच्छता की मिसाल कायम की गई। जिसका नागरिकों ने स्वागत किया इन शोभायात्राओं में सफाई के माध्यम से नगर निगम ने नागरिकों में स्वच्छता जागरूकता की अलख जगाने का प्रयास किया है। निगम की इस पहल का असर भी नागरिकों में दिखने लगा है। अब जुलूसों के दौरान स्वागत पंडालों में डिस्पोजल का उपयोग कम दिखने लगा है।उल्लेखनीय है कि पिछले 10 दिनों के भीतर नगर में तीन बड़े-बड़े चल समारोह निकले गए, जिनमे हजारों की संख्या में नागरिक शामिल हुए और जगह-जगह उनका स्वागत किया गया, और नगर निगम के सफाई मित्रों द्वारा चल समारोहों के पीछे-पीछे चलकर मार्गों की तुरंत सफाई कर मार्गों को पूर्वत स्वच्छ कर दिया गया, जो शायद नगर में पहली बार हुआ शहर में यह नई परम्परा स्थापित हो गई है की प्रत्येक जुलूस के साथ निगम सफाईमित्रों का जूनून भी देखने मिलने लगा है। क्योंकि इसके पहले भी चल समारोह निकलते थे और बाद में सफाई होती थी लेकिन स्वच्छता की गागर-अपनों सागर अभियान के अंतर्गत की गई सफाई विशेषता यह रही कि चल समारोह के पीछे-पीछे सफाई करते हुए लगभग एक घंटे के भीतर जुलूस मार्ग की सड़कों को साफ-स्वच्छ चकाचक किया जाता है। इस पहल का नागरिकों ने स्वागत किया।



### योजनाबद्ध तरीके से की गई सफाई

चल समारोह के दौरान तुरंत सफाई की योजना नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा पहले से बना ली गई थी इसके लिए समस्त जोनो से सफाई मित्र निकालकर उन्हें इस अभियान में लगाया गया जो पूरे सफाई उपकरणों के साथ पोशाक में जुलूस के साथ-साथ पीछे चल रहे थे और सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे को तत्काल उठाने के लिए रैमकी कंपनी की गाड़ियां भी सफाई मित्रों के साथ थी ताकि सफाई के दौरान निकले कचरे को तुरंत गाड़ी में डाल दिया जाए।

### फूलों को बोरो में पृथक से एकत्रित किया गया

चल समारोह के दौरान नागरिकों द्वारा जगह-जगह की गई फूलों की बारिश के पश्चात सड़कों पर फैली फूलों की पंखुड़ियां को सफाई के दौरान पृथक से एकत्रित किया गया।

## दीप प्रज्ज्वलित कर वोटरों को किया जागरूक




**टीकमगढ़।** खरगापुर के नजदीक ग्राम चौबारा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्राथमिक शाला बूथ क्रमांक 121 पर रंगोली सहित दीप प्रज्ज्वलित कर ग्रामीण वोटरों को जागरूक किया। चुनाव का पर्व देश का गर्व नारे लगाकर बताया कि अपना अमूल वोट अपने बूथ पर जाकर जरूर डाले। इस अवसर पर सुंदरलाल असाटी, रूपा विश्वकर्मा, अमृता विश्वकर्मा, मुस्तरी बेगम, सहायिका रामरती विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 26 को होने वाले मतदान को लेकर फ्लैग मार्च



**टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस टीकमगढ़ राहुल कटरे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन टीकमगढ़ जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना, चौकी क्षेत्र में 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव-2024 के मतदान को दृष्टिगत रखते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया।

## बिना बताए गई बालिका को 2 घंटों में खोज लिया

**विदिशा।** मंगलवार की शाम 4 बजे 14 वर्ष बालिका अपने मामा के घर ग्राम रामगढ़ थाना पठारी से बिना बताए कहीं चली गई। सूचना मिलने पर पुलिस सक्रिय हुई और टीम बनाकर रवाना किया जाकर एसएसटी प्वाइंट को निर्देशित किया गया। बालिका एसएसटी पॉइंट पठारी के पास मिल गई। जिसे शाम 6.30 बजे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## पुण्यतिथि पर गोशाला में गायों को खिलाया घास

**विदिशा।** हनुमान जयंती के अवसर पर शिक्षा विभाग की गो सेवा पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति ने गोशाला पहुंचकर गायों को घास खिलाई। संजय खंडेलवाल की ओर से 1100 और विजय श्रीवास्तव की माताजी की पुण्यतिथि पर 1100 रुपए का गोग्रास खिलाया गया। वहीं पूर्व में जमा राशि से गुड़ व चना अर्पण किए गए। पुण्यतिथि के अवसर पर गो माता को गंगा स्नान भी कराया गया। इस दौरान अजय श्रीवास्तव, हरिहर चतुर्वेदी, अरविंद अवस्थी, लल्लू सिंह, मनोज माली, संजय खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।

## नवागत प्राचार्यों ने पदभार ग्रहण किया

**विदिशा।** सरस्वती शिशु मंदिर अंदर किला में नवागत प्राचार्य दिनेश शर्मा एवं सरस्वती शिशु मंदिर तलैया में प्राचार्य रविंद्र खाखरे ने अपना-अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर नवागत प्राचार्यों का कुमकुम तिलक लगाकर श्रीफल एवं शॉल भेंट करते हुए उनका स्वागत किया गया। उक्त जानकारी शिशु मंदिर की प्रचार प्रसार प्रमुख चेतना शर्मा द्वारा दी गई है।

## बाल विवाह रोकने जिला खंड व ग्राम स्तर पर समितियां गठित होंगी

**विदिशा।** 10 मई को अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह रोकने के लिए कलेक्टर ने जिला, विकासखंड व ग्राम स्तर पर समितियों का गठन करने का आदेश जारी कर दिया है।

# 5वीं व 8वीं कक्षा में सुधार के साथ इस वर्ष अच्छा रहा परीक्षा परिणाम

**टीकमगढ़।** समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा आज कक्षा 5 वीं एवं 8 वी बोर्ड पैटर्न परीक्षा सत्र 2023-24 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें टीकमगढ जिले में कक्षा 5वीं में सम्मिलित 21196 बच्चों में से 19672 बच्चें पास हुये। जिले का कुल परीक्षा परिणाम 92.81 प्रतिशत रहा, जिसमें प्रदेश में जिले की रैंक 29 वें स्थान पर रही।

इसी प्रकार कक्षा 8वीं में 18 हजार 517 बच्चे सम्मिलित हुये जिसमें से 16 हजार 409 बच्चे पास हुये। इस प्रकार कुल परीक्षा परिणाम 88.62 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रदेश में जिले की रैंक 32वें स्थान पर रही।

इस प्रकार जिले में परीक्षा परिणाम में अच्छा प्रदर्शन करते हुये गतवर्ष की तुलना में कक्षा 5वीं की रैंकिंग में 23 पायदान का सुधार हुआ है एवं कक्षा 8वीं की रैंकिग में 20 पायदान का सुधार हुआ है, जो कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार का एक अच्छा संकेत है।

गतवर्ष सत्र 2022-23 में जिले का परीक्षा परिणाम कक्षा 5वीं में 50.25 प्रतिशत एवं कक्षा 8वीं में 47.81 प्रतिशत था एवं प्रदेश में जिले की रैंक 52 थी। जो सुधार के साथ इन पायदानों पर पहुंचा।

# मधु व संभव ने पाया 12वीं में 7वां तो 10वीं के अनिरूद्ध ने प्रदेश में पाया 8वां स्थान





हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़


एमपी बोर्ड ने बुधवार को 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट जारी कर दिया है। इसमें 12वीं कक्षा में टीकमगढ़ के संभव जैन और मधु विश्वकर्मा ने प्रदेश की टॉप 10 सूची में सातवां स्थान हासिल किया है। दसवीं कक्षा में एक्सीलेंस स्कूल के छात्र अनिरुद्ध यादव ने प्रदेश की टॉप 10 सूची में 8वीं रैंक प्राप्त की है। इसके अलावा जिले की 12वीं कक्षा की टॉप 10 सूची में 12 में से 7 छात्र-छात्राएं एक्सीलेंस स्कूल क्रमांक 1 के शामिल हैं। वहीं 12वीं कक्षा में प्रदेश की टॉप 10 सूची में 7वीं रैंक हासिल करने वाले संभव पिता डॉक्टर धर्मेंद्र जैन शहर के महावीर बाल संस्कार स्कूल और मधु पिता वीरेंद्र विश्वकर्मा शहर के एक्सीलेंस स्कूल क्रमांक 1 की स्टूडेंट है। दोनों छात्रों ने संयुक्त रूप से टॉप 10 सूची में स्थान हासिल किया है। इसके अलावा अनिरुद्ध यादव शहर के एक्सीलेंस स्कूल क्रमांक 1 के छात्र हैं। 12वीं कक्षा की छात्रा मधु विश्वकर्मा और संभव जैन ने विज्ञान संकाय में प्रदेश में 7वां स्थान हासिल किया है। मधु ने 500 अंक में से 485 अंक हासिल किए हैं। जिले की 12वीं कक्षा की टॉप 10 सूची में 12 छात्रों में से 7 छात्र-छात्राएं शहर के एक्सीलेंस स्कूल क्रमांक 1 के शामिल है। इसके अलावा बालक हायर सेकेंडरी स्कूल खरगापुर, मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल पलेरा के छात्र शामिल हैं। 12वीं कक्षा की जिला स्तरीय टॉप 10 सूची में एक भी प्राइवेट स्कूल का छात्र शामिल नहीं है।

एक्सीलेंस स्कूल क छात्रा ने कक्षा में जिले की 12वीं कक्षा की टॉप 10 सूची में 12 छात्रों में से 7 छात्र-छात्राएं शहर के एक्सीलेंस स्कूल क्रमांक 1 के शामिल है। इसके अलावा बालक हायर सेकेंडरी स्कूल खरगापुर, मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल पलेरा के छात्र शामिल हैं। 12वीं कक्षा की जिला स्तरीय टॉप 10 सूची में एक भी प्राइवेट स्कूल का छात्र शामिल नहीं है। शेयर52वें स्थान से 49वें में स्थान पर रहा जिला10वीं-12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में पिछले साल टीकमगढ़ जिले का स्थान प्रदेश में 52वें नंबर पर था। इस बार टीकमगढ़ का परीक्षा परिणाम प्रदेश में 49वें स्थान पर रहा। 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम के सुधार में सरकारी स्कूलों का बड़ा योगदान रहा। एक्सीलेंस स्कूल टीकमगढ़ के दो छात्रों ने प्रदेश की टॉप 10 सची में स्थान पक्का किया है।

## वाहनों पर जीपीएस लगाने का कार्य प्रारंभ

**टीकमगढ़।** जिला संयोजक एवं नोडल जीपीएस परिवहन व्यवस्था जिला टीकमगढ़ कमलेश जैन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए सागर, झांसी, ललितपुर, टीकमगढ़ अधिग्रहित किए गए अन्य जिलों से आने वाले बस, मिनी बस, ट्रक, बोलेरो को आने जाने का फ्यूल प्रदान किया जाएगा।
कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि दक्ष केंद्र के माध्यम से सभी वाहनों जिसमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जाएंगी उनकी ऑनलाइन ट्रैकिंग की जाएगी। सभी वाहन में जीपीएस लगाया जाएगा। यह कार्य कलेक्टर कार्यालय की परिसर में सेक्टर अधिकारियों एवं स्कूल वाहन स्थानी टीकमगढ़ के वाहनों में 23 अप्रैल से प्रारंभ कर दिये गये हैं। इस संपूर्ण कार्य में 96 सेक्टर अधिकारी लगाये गये। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र-43 टीकमगढ़ की बस, मिनी बस पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने तथा विधानसभा क्षेत्र-44 जतारा एवं विधानसभा क्षेत्र-47 खरगापुर की बस एफसीआई ऑफिस के पीछे की ओर ढोगा ग्राउंड में लगाई जाएंगी।

# लोकतंत्र के महापर्व में दायित्व को बढ़चढ़ कर निभाएं: अनिल




हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

मतदान अवश्य की जियेगा आपका एक सही वोट देश प्रदेश को तो तरक्की देगा ही, साथ ही आपके अपने शहर, गांव, कस्बे के चौतरफ़ा विकास सहित आपकी और अगली पीढ़ी की समुचित उन्नति का मार्ग भी प्रशस्त करेगा । आपका एक गलत वोट न केवल नगर के विकास को बाधित करेगा, बल्कि शहर में गुंडागर्दी ,आतंक, भ्रष्टाचार और अव्यबस्था को बढ़ाकर आपका जीना हराम कर सकता है । इसीलिए शपथ लें कि चाहे कितनी भी गर्मी क्यों न हो या जरूरी काम ही क्यों न हो , 26 अप्रैल को सबसे पहले हर हाल में मतदान केंद्र जाकर, सपरिवार मतदान कर, लोकतंत्र के प्रति अपने समझदार और जिम्मेदार नागरिक होने का दायित्व जरूर निभाएं और इसी के साथ ही अन्य लोगों को जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें । यह बात नगर के राजनीतिक एवं सामाजिक विचारधारक अनिल सतभैया ने जिले के नागरिकें से अपील करते हुए कही। कहा कि आप सभी समाज ,वर्ग व लिंग भेद एवं दलगत राजनीति से ऊपर उठकर, सुयोग्य उम्मीदवार का चयन कर, इस महान लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका की सार्थकता जरूर सिद्ध कीजिएगा ।

## सामग्री वितरण तथा मतदान दिवस के दौरान व्यवस्थाओं के संबंध में पत्रकारवार्ता

# मतदान केन्द्र के अंदर की फोटो ग्राफी, वीडियो ग्राफी नहीं कर सकेंगे मीडियाकर्मी, प्रदेश स्तर पर मिले निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत सामग्री वितरण तथा मतदान दिवस के दौरान व्यवस्थाओं के संबंध में पत्रकारवार्ता आयोजित की गई। इस दौरान सुचारू मतदान के लिए की गई व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी गई तथा मीडिया प्रतिनिधियों से आव्हान किया गया कि वे अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिये प्रेरित करने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दीपाश्री गुप्ता, जिला जनसंपर्क अधिकारी सुश्री शेफाली तिवारी सहित संबंधित अधिकारी तथा मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पत्रकारवार्ता में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-06 टीकमगढ़ (अजा) के अंतर्गत आ रहे 8 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 18,26,585 मतदाता है, जिसमें 957901 पुरुष, 868653 महिला, 31 अन्य मतदाता है, जो 2077 मुख्य मतदान केन्द्र एवं 2 सहायक मतदान केन्द्र पर अपने मतदान का प्रयोग करेगें। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिये जिले में तीन विधानसभा क्षेत्रों की निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन किया जा रहा है। शेष 5 विधानसभा क्षेत्रों की निर्वाचन प्रक्रिया निवाड़ी एवं छतरपुर जिले से संचालित हो रही है। 26 अप्रैल 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा एवं सुबह 5:30 बजे से मॉकपोल की कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्र से 100 मीटर की परिधि में कोई भी व्यक्ति प्रचार-प्रसार नहीं कर सकता है यदि कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता है तो धारा 130 के अन्तर्गत बिना वॉरंट के उसे गिरफ्तार किया जा सकता है। मतदान केन्द्र के 200 मीटर की परिधि के बाहर अभ्यर्थी, कार्यकर्ता को 2 कुर्सी टेबिल लगाने की अनुमति है परन्तु यह प्रचार-प्रसार नहीं कर सकता। मतदाताओ को वाहन से लाने ले जाने की व्यवस्था अभ्यर्थी, राजनैतिक दल के कार्यकर्ता नहीं कर सकते है। उन्होंने बताया कि दिव्यांग मतदाताओ के द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने पर उसके घर से मतदान केन्द्र तक लाने की व्यवस्था शासकीय वाहन से की गयी है। मतदाता पर्ची मतदाताओ को वितरित की जा चुकी है। साथ ही वोटर गाईड परिवार के मुखिया को प्रदाय की गयी है। मतदान हेतु मतदाता का नाम मतदाता सूची में होना अनिवार्य है। मतदान हेतु ईपिक या पहचान के अन्य मान्य 12 दस्तावेज में से कोई एक जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, इत्यादि मतदाता के पास होना आवश्यक है।

कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि क्रिटिकल मतदान केन्द्रो पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर 127 माईक्रो आब्जर्बर एवं सीएपीएफ तैनात किये गये है। 485 मतदान केन्द्रो पर मतदान प्रक्रिया की वेब कास्टिंग एवं 121 मतदान के बाहरी क्षेत्र पर वेबकास्टिंग से निगरानी रखी जा रही है। जिला स्तर पर कन्ट्रोल रूम की व्यवस्था की गयी है 85 सेक्टर अधिकारी समस्त 808 मतदान केन्द्रो पर लगातार व्यवस्था बनाये रखने हेतु नियुक्त किये गये है। 45-पृथ्वीपुर के जिला अन्तर्गत आने वाले 114 मतदान केन्द्रो पर 11 सेक्टर आफिसर बनाये गये है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्र पर मतदान के दिन एक समय पर एक पार्टी का एक ही व्यक्ति अंदर रह सकता है चाहे वह अभ्यर्थी हो या मतदान अभिकर्ता हो। 13. राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा बल्क एसएमएस, व्हाटसअप मैसेज, एमसीएमसी की पूर्व अनुमति लिये बगैर नहीं किये जा सकेंगे।

मीडियाकर्मी मतदान केन्द्र के अन्दर की फोटो ग्राफी, वीडियो ग्राफी नहीं कर सकेंगे। मतदान के दिन मीडिया कवरेज पर भोपाल से प्राप्त निर्देशों से मीडिया कर्मियों को पास प्रदान किये जायेंगे। टीव्ही चौनल पर मतदान से 48 घण्टे पूर्व पैनल परिचर्चा, ताजा अपडेट पर प्रतिबंध रहेगा एवं मतदान दिवस के दिन मीडिया मूवमेंट के लिये जिला स्तर पीआरओ के द्वारा योजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि 4 जून 20214 को लोकसभा आम निर्वाचन की मतगणना प्रातः 8 बजे से शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज नवीन परिसर ढोंगा टीकमगढ़ में प्रारम्भ होगी। सभी प्रत्याशी एवं गणना अभिकर्ताओं को मतगणना से एक घण्टे पूर्व उपस्थित होना होगा। इसकी सूचना बाद में पृथक से दी जायेगी। मतदान दिवस को पुलिस विभाग द्वारा की गई व्यवस्थाओ की जानकारी आपको देगें।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत आज 24 अप्रैल 2024 को शाम 6 बजे के बाद अन्य जिले को कोई भी निवासी टीकमगढ़ जिले में निवास नहीं करेगा।

उन्होंने बताया कि आज राजनैतिक दलों द्वारा किया जा रहा प्रचार-प्रसार आज बंद होने के पष्चात पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियों द्वारा फ्लैग मार्च निकाला जायेगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन हेतु चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक श्री काषवानी ने बताया कि शाम 6 बजे के बाद किसी भी राजनैतिक दल के अभ्यर्थी के वाहनो को दी गयी अनुमति रद्द हो जायेगी एवं अभ्यर्थी किसी प्रकार की बड़ी सभा, नुक्कड़ सभा एवं वाहनों से प्रचार-प्रसार नही कर सकेंगे। केवल डोर टू डोर प्रचार कर सकेंगे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर ब्रह्म मुहूर्त में राम धुन के साथ निकाली प्रभात फेरी




हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

हनुमान जयंती पर राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। जो मां जागेश्वरी धाम से राम धुन के साथ यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा नगर भ्रमण करती हुई गांधी तिराहा से सागर गेट, रेलवे हॉस्पिटल से होते हुई छोटी बजरिया राम मंदिर से गुलौआ श्री हनुमान दरबार पहुंची। जहां भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और आरती उतारकर भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के परम भक्त हनुमान जी महाराज को प्रसाद अर्पण कर सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर गुलौआ सरकार समिति द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया गया।

## हनुमान मंदिरों पर बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

# हनुमान जयंती पर शहर में निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



हनुमान जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सुबह से ही लेकर देर रात तक श्री हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में राम वार्ड स्थित राम मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकली गई जो कच्चा रोड, सर्वोदय चौराहा, कॉलेज तिराहा, गांधी तिराहा से होती हुई सागर गेट स्थित मंदिर में समाप्त हुई। शहर के मुख्य हनुमान मंदिर, गुलौआ हनुमान मंदिर, कटरा मंदिर, पीतांबरा मंदिर सहित अन्य मंदिरों पर धार्मिक आयोजन हुए, जो दिन भर चलते रहे। पीतांबरा मंदिर पर विराजमान लेटे हुए हनुमान जी की प्रतिमा के दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूजा अर्चना की। वहीं हनुमान मंदिरों में भंडारे आयोजित हुए जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

# पुलिस ने आरोपी से जब्त की 40 पाव अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ कर उसके पास से 40 पाव लाल मदिरा मसाला शराब जब्त की है। जिसकी कीमत 4 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बिलगैंया वार्ड बीना में सफेद रंग के प्लास्टिक के थैले में अवैध शराब रखे बेंच रहा है। सूचना मिलने एसआई कविता द्विवेदी, आरक्षक मुकुल एवं आरक्षक जसवंत राजपूत ने मौके से सोनू पिता महेंद्र जैन उम्र 36 साल निवासी बिलगैंया वार्ड बीना को पकड़ कर हाथ में पकड़े थैले की तलाशी ली गई। जिसमें 40 पाव लाल मदिरा मसाला शराब प्रत्येक पाव में 180 मिली शराब भरी थी। आरोपी से शराब की कुल मात्रा 7.20 लीटर, कीमत करीब 4 हजार रुपए की मिली। जिससे शराब रखने बेचने के संबंध में बैध लाइसेंस चाहा गया जो उसके पास से कोई लाइसेंस नहीं पाया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी का जुर्म जमानती एवं 7 साल से कम सजा का होने के कारण आरोपी को धारा 41(क) जा.फौ. का नोटिस तामील कर पाबंद कर मौके से छोड़ दिया गया।

# सीएम राइस स्कूल में शिक्षकों व प्राचार्य के बीच हुआ विवाद, सुलझाने जिला शिक्षाधिकारी को जाना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बरईपुरा हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में संचालित सीएम राइस स्कूल में प्राचार्य दीप्ति शुक्ला और स्टाफ के शिक्षक शिक्षिकाओं के बीच में विवाद गरमा गया है। 3 दिन पहले की गई शिकायत की जांच करने मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी रामकुमार ठाकुर बरईपुरा स्कूल पहुंचे। जहां उन्होंने शिक्षकों से और प्राचार्य से अलग-अलग बात की। डीईओ ने कहा की अपने स्तर पर समस्या को सुलझाकर मनमुटाव दूर करें जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। उन्होंने जल्दी ही इस समस्या का हल निकालने की बात कही। इधर शिक्षकों का कहना है कि प्राचार्य दीप्ति शुक्ला तानाशाही रवैया अपनाती हैं। शिक्षकों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। उन्हें किसी भी प्रकार से अपनी मर्जी से काम करने की अनुमति नहीं है। इन सब आरोपी के बीच प्राचार्य दीप्ति शुक्ला का कहना है कि शिक्षक पूर्व में जिस प्रकार से अपने पुराने ढर्रे पर चलते थे सीएम राइस में भी उसी प्रकार से स्कूल का संचालन करने की उनकी मंशा है।

# नपा में रंगोली सजाई, दीपोत्सव मनाकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना




लोकसभा निर्वाचन 2024 स्वीप प्रोग्राम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी ईशांक धाकड़ के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद के द्वारा निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान, मतदाता सेल्फी कार्यक्रम, वाहन रैली, शहर के विभिन्न संस्थानों में शपथ कार्यक्रम, स्व सहायता समूह की महिलाओं की मेहंदी प्रतियोगिता, दीवार लेखन के बाद बुधवार को मतदाता जागरूकता के लिए नगर पालिका परिषद परिसर में रंगोली बनाकर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसके माध्यम से मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई।

## गत वर्ष के मुकाबले कक्षा 10वीं का रिजल्ट बिगड़ा तो कक्षा 12वीं का सुधरा

# कक्षा 10वीं में 49.17 तो कक्षा 12वीं में 60.56 प्रतिशत विद्यार्थी हुए पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट बुधवार को घोषित हो गया है। कक्षा 10वीं में जहां जिले के 49.17 विद्यार्थी पास हो गए है। वहीं कक्षा 12वीं में 60.56 विद्यार्थी उत्तीर्ण हो गए है। परीक्षा उत्तीर्ण करने में छात्रों से आगे छात्राएं रही है। गत वर्ष की तुलना में इस साल जिले का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम बिगडा है तो कक्षा 12वीं का रिजल्ट सुधरा है। इस वर्ष कक्षा 10वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम 49.17 प्रतिशत रहा है। जबकि पिछले साल कक्षा 10वीं का रिजल्ट 62.69 प्रतिशत रहा है। यानि इस साल कक्षा 10 का रिजल्ट करीब 13 फीसदी नीचे गिरा है। उधर कक्षा 12 वीं का रिजल्ट 60.56 प्रतिशत रहा है, जो कि पिछले साल की तुलना में 4 प्रतिशत अधिक है। क्योंकि पिछले साल कक्षा 12 वीं का रिजल्ट 56.36 प्रतिशत रहा है। डीईओ कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक इस वर्ष कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में जिले के 5931 विद्यार्थी सम्मलित हुए थे, जिनमें से कुल 2916 विद्यार्थी पास हुए, वहीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 4242 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें से 2569 परीक्षार्थी पास हुए हैं।

### कक्षा 10वीं में 2321 विद्यार्थी, 12वीं में 1051 विद्यार्थी फेल

इस साल कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 3382 बालक और 2549 बालिकाओं सहित कुल 5931 छात्र छात्राएं शामिल हुए थे। इनमें से 2916 विद्यार्थी पास हुए है। जिनमें 1603 बालक और 1313 बालिकाएं शामिल है।पास हुए विद्यार्थियों में 1973 विद्यार्थी फस्ट डिवीजन, 941 सेकंड डिवीजन, 2 विद्यार्थी थर्ड डिवीजन पास हुए है। जबकि 2321 विद्यार्थी फेल हो गए है और 693 विद्यार्थी पूरक आए है। छात्रों का परीक्षा परिणाम 47.41 प्रतिशत और छात्राओं का परीक्षा परिणाम 51.51 प्रतिशत रहा है। उधर कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 2512 बालक और 1728 बालिकाओं सहित कुल 4242 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें 1405 बालक और 1164 बालिकाओं सहित 2569 विद्यार्थी पास हो गए है। पास होने वाले परीक्षार्थियों मे 2083 प्रथम श्रेणी, 485 द्वितीय श्रेणी, एक विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में पास हुआ है। छात्रों का परीक्षा परिणाम 55.89 तथा छात्राओं का परीक्षा परिणाम 67.36 प्रतिशत रहा है।

### कक्षा 10वीं में अंजली जिला टॉपर

10वीं बोर्ड परीक्षा में शिक्षा विभाग से जारी हुई जिला स्तरीय टॉप-3 सूची में फ्यूचर स्टार स्कूल श्योपुर की छात्रा अंजलि मीणा पुत्री दीनबंधु मीणा जिला टॉपर रही है। उसने 500 में से 477 अंक हांसिल किए है। जबकि दूसरे स्थान पर 473 अंक लाने वाली अल्फा इंग्लिश स्कूल की छात्रा दीपिका धाकड पुत्री महावीर धाकड रही है। तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से मॉडल स्कूल कराहल की छात्रा अर्पिता गोयल पुत्र चंद्रकुमार गोयल तथा अल्फा इंग्लिश स्कूल श्योपुर की छात्रा शिखा मीणा पुत्री रामशंकर मीणा रही है। जिन्होंने 472 अंक हांसिल किए है।

### कक्षा में 12वीं में इन्होंने किया जिले में टॉप

नाम : किरन राठौर
नंबर : 471/500
स्थान : पहला
संकाय : कलां
स्कूल : शास. उत्कृष्ट उमावि श्योपुर

नाम : रितू शिवहरे
नंबर : 471/500
स्थान : पहला
संकाय : कलां
स्कूल : शास. उत्कृष्ट उमावि श्योपुर

नाम : ज्योति मीणा
नंबर : 467/500
स्थान : दूसरा
संकाय : कलां
स्कूल : शास. उत्कृष्ट उमावि श्योपुर

नाम : मनमीत धाकड़
नंबर : 467/500
स्थान : पहला
संकाय : गणित—जीव विज्ञान
स्कूल : शास. उमावि सहसराम

नाम : पलछीन साहू
नंबर : 463/500
स्थान : दूसरा
संकाय : जीव विज्ञान
स्कूल : गुरूवेश्वर उमावि श्योपुर

नाम : राहुल राठौर
नंबर : 463/500
स्थान : दूसरा
संकाय : गणित
स्कूल : शास. उत्कृष्ट उमावि श्योपुर

नाम : प्राची गोयल
नंबर : 461/500
स्थान : तीसरा
संकाय : जीव विज्ञान
स्कूल : शास. कन्या उमावि विजयपुर

नाम : गौरव शर्मा
नंबर : 461/500
स्थान : तीसरा
संकाय : गणित
स्कूल : शास. मॉडल उमावि श्योपुर

नाम : दिपेश घोष
नंबर : 461/500
स्थान : तीसरा
संकाय : गणित
स्कूल : शास. मॉडल उमावि श्योपुर

नाम : दीक्षा गोयल
नंबर : 465/500
स्थान : पहला
संकाय : वाणिज्य
स्कूल : माधवराव सिंधिया स्कूल श्योपुर

. नाम : हरप्रीत कौर
नंबर : 459/500
स्थान : दूसरा
संकाय : वाणिज्य
स्कूल : राजीव गांधी स्कूल श्योपुर

12. नाम : रिंका कुशवाह
नंबर : 457/500
स्थान : तीसरा
संकाय : जीव विज्ञान
स्कूल : शास. उत्कृष्ट उमावि कराहल

# ग्राम लाथ में कल से बहेगी भक्ति की बयार, शुरू होगी श्रीमद भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।



विकासखंड श्योपुर के ग्राम लाथ के हनुमान मंदिर पर 26 अप्रैल से संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा शुरू होगी। इसकी शुरूआत कलश यात्रा निकाले जाने के साथ होगी। संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन से पूरे गांव में भक्ति की बयार बहेगी। सात दिन तक धर्मप्रेमी ग्रामीणजन भागवत ज्ञान की गंगा में डुबकियां लगाएंगे। इस भागवत कथा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कथा यजमान खेमराज सिंह जाट ने बताया कि संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ 26 अप्रैल शुक्रवार को सुबह 8 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा गांव के मंदिर से शुरू होगी जो गाजेबाजे के साथ गांव के प्रमुख मार्गो से होते हुए कथा स्थल हनुमान जी महाराज के मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न होगी। जहां विधिवत देव पूजन उपरांत कथा का मंगलाचरण आरंभ होगा। कथा व्यास पं चंद्रप्रकाश शास्त्री (सोंईकलां वाले) प्रतिदिन दोपहर 12 बजे शाम 5 बजे कथा का वाचन करेंगे।यह भागवत कथा 3 मई तक चलेगी। 3 मई को विधिपत पूर्णाहुति और भंडारे के साथ इस भागवत कथा का समापन किया जाएगा। कथा यजमान ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पर उपस्थित होकर कथा श्रवण करने का अनुरोध किया है।

# कराहल पुलिस ने रानीपुरा से तस्कर को पकड़ा,104 लीटर अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।



अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कराहल थाना पुलिस ने एक शराब तस्कर को दबोचने में सफलता हांसिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 104 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। कराहल थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

एएसपी सतेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि इन दिनों पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद के निर्देशन में लोकसभा चुनाव को लेकर अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि ग्राम रानीपुरा में एक शराब तस्कर कच्ची शराब चोरी छिपे बेच रहा है। इस सूचना पर कराहल थाना पुलिस को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिसके बाद कराहल थाने कीएक पुलिस टीम दबिश देने के लिए बताए गए स्थान पर पहुंच गई। जहां पुलिस ने रामरूप पुत्र जालिम आदिवासी निवासी रानीपुरा को अवैध रूप से शराब बेचते हुए पकड लिया, तलाशी के दौरान रामरूप आदिवासी के कब्जे से 104 लीटर कच्ची शराब कीमत 10 हजार 400 रूपए को जब्त कर लिया है। इस मामले में कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में कराहल थाने के इंचार्ज योगेन्द्रनाथ शर्मा, प्रआर जितेन्द्र दुबे, सुशील तोमर, गोपाल जादौन, आरक्षक पवन कटारे, अरूण शर्मा, महिला आरक्षक सोनम राजावत आदि पुलिसकर्मी शामिल थे।

## श्योपुर की घटना, एक आरोपी पकड़ा, दूसरा फरार

# घर में घुसकर दो युवकों ने आदिवासी बालक के साथ किया दुष्कृत्य, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।



शहर के बस स्टैंड के पीछे स्थित आदिवासी सहराने में रहने वाले एक आदिवासी बालक के साथ दो लोगों के द्वारा रात्रि के दौरान घर में घुसकर दुष्कृत्य किए जाने का मामला सामने आया है। हालांकि यह वारदात एक महीने पुरानी है,लेकिन दुष्कृत्य करने वाले दोनों आरोपियों ने बुधवार को पीड़ित बालक पर उसकी बहन के साथ दुष्कृत्य किए जाने के लिए दबाव बनाया और उसे जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कृत्य सहित जान से मारने की धमकी और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद एक आरोपी को दबोच लिया है,जबकि दूसरा फरार है। कोतवाली टीआई योगेन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि शहर के बस स्टैंड के पीछे स्थित सहराने में रहने वाले 19 वर्षीय बालक ने अपनी बहन के साथ कोतवाली थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि एक महीने पहले जब वह रात्रि के दौरान अपने घर में सो रहा था, तभी अशोक आदिवासी निवासी कुम्हार मोहल्ला और शमशाद मुसलमान निवासी बालापुरा घर में घुस आए और दोनों मेरे साथ जबरदस्ती दुष्कृत्य कर दिया। लेकिन शर्म के कारण उसने यह बात किसी को नहीं बताई। इसके बाद बुधवार को दोनों आरोपी युवकों ने उसे बस स्टैंड पर रोक लिया और कहा कि अब बहनों के साथ भी दुष्कर्म करवाओ। नहीं तो तुझे जाने से मार देंगे। धमकी देने के बाद दोनों युवक चले गए। इस मामले में पीड़ित बालक की रिपोर्ट पर अशोक आदिवासी और शमशाद मुसलमान के खिलाफ भादंवि की धारा 452, 377, 506 तथा एससीएसटी की धारा में मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली टीआई जादौन ने बताया कि एक आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। दूसरे की तलाश की जा रही है। उसे भी जल्द ही अरेस्ट कर लिया जाएगा।

# मानव एकता दिवस मनाया 109 लोगों ने किया रक्तदान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

संत निरकारी सत्संग भवन ने मानव एकता दिवस रक्तदान कर मनाया। इस द्वारा संस्था से जुड़े कार्यकर्ताओं ने 109 यूनिट रक्तदान किया। शिविर में शामिल होने ग्वालियर से आए जोनल इचार्ज राधेश्याम सिंह ने कार्यकर्ताओं को मानवता का धर्म सिखाते हुए कहा कि, दीनहीन की सेवा ही सर्वोपरि धर्म है। पर मानवता ही असली धर्म हैं। संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चेरीटेबल फाउंडेशन के माध्यम से आयोजित हुए रक्तदान शिविर में पूरे देश में 50 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया।

इस दौरान जिला मुख्यालय पर 109 कार्यकर्ताओं ने मानव सेवार्थ रक्तदान किया। जिसमें 68 पुरूष एवं 41 महिलाएं शामिल थी। हालांकि, रक्तदान के लिए अधिक कार्यकर्ताओं ने पंजीयन कराए थे, लेकिन व्यस्ता के चलते ब्लडबैंक प्रबंधन ने सिर्फ 109 यूनिट रक्तदान ही संग्रह किया। बाकी कार्यकर्ताओं से संकल्प पत्र भरवाए गए। इस दौरान जिला ब्लडबैंक प्रभारी डॉ. आरबी गोयल, डॉ. संजय जैन एवं जिला मीडिया अधिकारी हीरा नायक उपस्थित रहे।

# नवागत बीईओ को नहीं डीडीओ पावर अटक सकता है शिक्षकों का वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।



पीएससी सिलेक्ट ऑफिसर मधु शर्मा ने श्योपुर पहुंचकर खंड शिक्षा अधिकारी का प्रभार तो संभाल लिया लेकिन अब समस्या यह आ गई है कि उनके पास डीडीए पावर नहीं होने के चलते विकासखंड के शिक्षकों का वेतन निकलना मुश्किल हो रहा है। इस संबंध में अब शिक्षा विभाग ने अब कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ से परामर्श कर समस्या का हल निकालने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

खंड शिक्षा अधिकारी का प्रभार किसी भी वरिष्ठ शिक्षक को दिया जा सकता है लेकिन डीडीए पावर (वेतन आहरण अधिकार) प्रिंसिपल स्तर के अधिकारी को ही दिया जा सकते है। हालांकि पीएससी सिलेक्ट होने के चलते मधु शर्मा को डीडीए पावर देने में कोई परेशानी नहीं है लेकिन फिलहाल वह परिविक्षा अवधि में है और प्रोविजनल पीरियड के दौरान किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को डीडीए पावर नहीं दिए जा सकते हैं। अब वह विकासखंड की शिक्षा अधिकारी तो रहेंगी लेकिन वेतन आहरण के लिए व्यवस्था अलग से करनी पड़ेगी। इसके लिए शिक्षा विभाग ऐसा रास्ता निकालना चाहता है जिससे कर्मचारियों का वेतन हर माह निकलता भी रहे और पीएससी सिलेक्ट मधु शर्मा के सम्मान को भी बनाए रखे।

### ये हो सकती है वैकल्पिक व्यवस्था

खंड शिक्षा अधिकारी का प्रभार मधु शर्मा पर रहे और डीडीए पावर किसी प्रिंसिपल को दे दिए जाएं जो शिक्षकों के वेतन निकालने के लिए अधिकृत हो। इसके लिए संबंधित प्रिंसीपल संकुल केंद्र के माध्यम से प्रिंसिपलों से कर्मचारियों का वेतन पत्रक लेकर उस पर अपने हस्ताक्षर से वेतन निकालने के लिए ट्रेजरी में भेजने के लिए अधिकृत हो। इस काम के लिए कौन सा प्रिंसिपल उपयुक्त होगा या कौन प्रिंसिपल नाम मात्र का अफसर बनने को तैयार होगा इसकी माथा पच्ची में विभाग जुटा हुआ है।

## विपक्ष ने बस स्टैंड में अस्थाई दखल में लगाए गड़बड़ घोटाले के आरोप

# ठेकेदार रोज कर रहा था 6 से 7 हजार की वसूली, नपा कर्मी ला रहे सिर्फ 2 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शहर श्योपुर के एकीकृत बस स्टैंड में वाहनों के प्रवेश पर अस्थाई दखल के रूप में वसूली का जो ठेका नगर पालिका ने ठेकेदार को दिया था उसका भुगतान नगर पालिका को ठेकेदार ने एक साल का 25 लाख 11 हजार रुपए अदा कर दिया है। ठेकेदार का 31 मार्च तक अनुबंध सीमा समाप्त होने के बाद नगर पालिका ने अस्थाई दखल वसूली के अधिकार ठेकेदार से वापस लेकर अपने कर्मचारियों की ड्यूटी वाहनों के अस्थाई दखल वसूली के लिए लगा दी, लेकिन टेंडर के अनुसार ठेकेदार 6 से 7 हज़ार रुपए रोज वाहनों से वसूल रहा था उसके इतर नगर पालिका के कर्मचारी सिर्फ 2 हज़ार के आसपास वसूली कर ला रहे हैं। इतनी कम वसूली होने पर नगर पालिका में विपक्ष पार्षद दल के नेता सलाउद्दीन ने परिषद पर स्थाई दखल के नाम पर बंदर बांट के आरोप लगाए हैं।

बस स्टैंड पर वाहनों से वसूली करने वाले नगर पालिका के एक कर्मचारी ने बताया कि वह बस स्टैंड के भीतर से अस्थाई दखल के रूप में जो वसूली ला रहे हैं वह वसूली 2000 के आसपास आ रही है मंगलवार को वसूली 2080 रुपए आई थी जबकि सोमवार को वसूली 2652 रुपए की थी लेकिन इसमें शनिवार और इतवार की वसूली भी शामिल थी। छुट्टी होने के चलते तीन दिन की वसूली सोमवार को जमा कराई गई। इस वसूली को तीन दिनों में बांटे तो सिर्फ 8 से 9 सौ रुपए प्रतिदिन की वसूली आ रही है। प्रश्न यही उठ रहा है कि जब ठेकेदार के पास अनुबंध अनुसार प्रतिदिन 6 हज़ार 879 रूपए मिल रहे थे तो फिर नगर पालिका के कर्मचारियों को हज़ार दो हज़ार रुपए ही प्रति दिन क्यों मिल रहे हैं।

### एक अनार सौ बीमार वाली कहावत हो रही चरितार्थ

एकीकृत बस स्टैंड के भीतर से अस्थाई दखल वसूली कम आने का कारण यह है भी है कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी नगर पालिका ने वसूली के लिए लगाई है उन्हें अन्य योजनाओं में भी ड्यूटी पर लगाया हुआ है। एक कर्मचारी को चार-चार ड्यूटी में लगाने के कारण बस स्टैंड के भीतर से वाहनों की अस्थाई वसूली प्रभावित हो रही है। एक कर्मचारी ने अपना नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि वसूली तो हम आज भी उतनी ही ले आए जितनी ठेकेदार के माध्यम से आ रही थी लेकिन हमारी ड्यूटी सिर्फ कागजों में लगाई हुई है हमें दूसरी जगह ड्यूटी के लिए भेज दिया जाता है, साथ ही निर्वाचन काम के लिए अचानक बुला लेने से भी वसूली प्रभावित हो रही है। जिसके चलते नगर पालिका को लाखों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है।

### आचार संहिता बनी ठेका में बाधा

हालांकि 31 मार्च को ठेकेदार का अनुबंध समाप्त हो गया था और नगर पालिका को इससे पहले नए ठेके के लिए बोली लगानी थी लेकिन लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के चलते वह ऐसा नहीं कर सकी जिसका खामियाजा नगर पालिका को उठाना पड़ रहा है। पर जानकारों की मांने तो नगर पालिका बिना टेंडर लगाए ठेकेदार का समय शर्तों के आधार पर बड़ा बढ़ा सकती थी जिससे वसूली भी नियमित आती रहती और नगर पालिका के कर्मचारियों को भी परेशान नहीं होना पड़ता।

### इनका कहना

हमने ठेके के शर्तों के अनुसार 25 लाख 11 हजार रुपए जमा कर दिए हैं। आचार संहिता के चलते नगर पालिका ने शर्तों के आधार पर ठेका बढ़ाने की बात कही थी लेकिन हमने मना कर दिया है।

**अंकित बैरवा**
**ठेकेदार**

आचार संहिता लागू होने के चलते टेंडर विज्ञप्ति जारी नहीं की है। जैसे ही आचार संहिता समाप्त होगी नई टेंडर विज्ञप्ति जारी की जाएगी तब तक नपा कर्मचारियों के माध्यम से ही अस्थाई दखल वसूली कराई जाएगी

**सतीश मटसेनिया**
**सीएमओ श्योपुर**

# लापरवाही : कचरे से भरी गाड़ी अस्पताल में छोड़ गया नपा कर्मी, संक्रमण का खतरा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

हाल ही में नगर पालिका को जो 14 कचरा वाहन सरकार ने उपलब्ध कराए गए थे उन पर नियुक्त कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने से उन पर सभी ड्राइवर अपने वाहनों को नगर पालिका के गैराज मेला ग्राउंड में खड़ा कर चले गए हैं लेकिन उनमें से एक ड्राइवर ऐसा भी है जो कचरे से भरी गाड़ी को अस्पताल परिसर में छोड़ गया है। गाड़ी में भरा कचरा परिसर में उड़कर अस्पताल के भीतर तक घुस रहा है और बदबू से वातावरण दूषित हो रहा है इससे इलाज कराने आने वाले मरीजों में स्वास्थ्य लाभ के बजाय उल्टा संक्रमण फैलने का खतरा मंडरा रहा है।

दरअसल नगर पालिका ने साफ सफाई के लिए टेंडर वर्क पर 26 कर्मचारियों की भर्ती आउट सोर्सिंग पर की थी। इन कर्मचारियों में से 14 ड्राइवर भी भर्ती किए थे। इन ड्राइवरों को उन वाहनों पर तैनात किया गया था जिसे सरकार ने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए भेजे थे। एक दो माह तक तो यह कचरा वाहन वार्डों में घूम घूम कर खूब कचरा एकत्रित करते रहे लेकिन बाद में वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों ने बिन वेतन काम से मना कर दिया और हालांकि जो कर्मचारी ऑफिस वर्क के लिए लगाए गए थे वह तो अभी तक वेतन मिलने के इंतजार में काम कर रहे हैं लेकिन कचरा वाहनों पर नियुक्त किए गए ड्राइवर अपने वाहनों को खड़ा कर घर चले गए हैं। इनमें से ही एक ड्राइवर ने कचरे से भरा वाहन अस्पताल परिसर में खड़ा कर दिया है जो प्रदूषण फैलाने का काम कर रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि करीब दो माह से कचरे से भरे इस वाहन को ना तो अस्पताल प्रबंधन हटवा रहा है और ना ही नगर पालिका अपने वाहन को अस्पताल परिसर से वापस मंगा रही है।

### विपक्ष ने लगाए नियुक्ति में लापरवाही के आरोप

उधर इस मामले में नगर पालिका के विपक्षी पार्षदों ने भर्ती प्रक्रिया में अनदेखी करने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। नगर पालिका परिषद में नेता प्रतिपक्ष पार्षद सलाउद्दीन भूरा ने कहा कि आनन फानन में चोरी छुपे जिन कर्मचारियों की भर्ती आउटसोर्सिंग के माध्यम से की है वह सब या तो परिषद के कर्ताधर्ताओं के रिश्तेदार हैं या फिर उन्हें ले देकर भर्ती किया है। टेंडर की शर्तें भी पूरी नहीं की गई जिसके कारण अब वेतन निकलना भी दुबार हो गया है। एक टैंडर की आड़ लेकर तीन बार नियुक्ति की गई है। इस मामले में हमने जानकारी मांगी थी कि नगर पालिका ने कितने कर्मचारी भर्ती किए पर इसकी जानकारी तक नहीं दी जा रही है। अब हमने आरटीआई लगाने का निर्णय लिया है जानकारी मिलने पर जरूरत पड़ी तो कोर्ट की शरण भी लेंगे।

### सूचना दे दी

नगर पालिका का ड्राइवर अपना कचरे से भरा वाहन अस्पताल परिसर में छोड़कर चला गया है। इस संबंध में हमने नगर पालिका को सूचना दे दी है कचरा गाड़ी से प्रदूषण फैल रहा है।

**डॉ. डीएस सिकरवार**
**सिविल सर्जन श्योपुर**

## खबर संक्षेप

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के मुगावली थाने के अंतर्गत मुगावली बहादुरपुर नेशनल हाईवे मार्ग पर खुशीपुरा गांव के पास एक बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस घटना मे युवक की मौत हो गई। मृतक विदिशा जिले के दीपनाखेडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम करैया हाट का रहने वाला था। घटना के बारे मे बताया गया है कि मृतक के चचेरे भाई की 28 अप्रैल को शादी है। जिसके वह निमत्रण पत्र बाटकर अपने घर वापिस जा रहा था। चंदेरी के झागर गाव मे निमत्रण देने के बाद जब वह खुशीपुरा गाव के पास पहुचा तो सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे बाद मौके पर भीड जमा हो गई। इसी दौरान दीपक यादव जो करीला माता मंदिर से लौटर रहे थे। तब उन्होने युवक को मुगावली अस्पताल पहुचाया । जहा डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के जेब मे मिले आधारकार्ड के आधार पर उसकी शिनाख्त की गई। घटना की जानकारी से मृतक के परिवारजनों को अवगत कराया गया।

### जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत देवेन्द्र लोधी निवासी बुढेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम मनेटी और छपरा के बीच अंकेश लोधी ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी। जिससे उसे चोटे आई हैं। जिले के देहात थाने के अंतर्गत टोल टैक्स से पहले ईसागढ अशोकनगर रोड पर एक अज्ञात वाहन चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर गाय मे टक्कर मार दी। जिससे वाहन के चालक व पीछे बैठे गौरव लोधी और हेमन्त लोधी दोनो गिर गए। जिससे उन्हे चोटें आई हैं। जिसकी रिपोर्ट गौरव लोधी द्वारा कदवाया थाने मे इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### राजपुर में हनुमान जयंती का पर्व मनाया गया

**अशोकनगर।** राजपुर कस्बे में बड़े हर्ष उल्लास के साथ हनुमान जी के जन्म दिवस पर मन्दिर में अनेक कार्यक्रम हुए। सुबह 6 बजे से ही श्रदालु मंदिर जाते हुए देखे गए। पूरे दिन यह सिलसिला चलता रहा। इस दौरान भजन पूजन के आयोजन हुए। कस्बे में दो हनुमान मंदिर हैं। पहला हाट बाजार और दूसरा कुशवाह मोहल्ला में। इस दौरान अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले के शाढौरा थाने अंतर्गत रूसल्ली चक्क निवासी कल्लू सहरिया के पास से पुलिस ने 70 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार बहादुरपुर पुलिस ने चमराई निवासी तुलाराम अहिरवार के पास से 7 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### भक्ति का अदभुत सैलाब देखा गया, श्रद्धालुओं की मंदिरों में उमड़ी भीड़

# अंजनी के लाल पवन पुत्र की उत्साह से मनाई जयंती







हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

हनुमान जयंती पर शहर के हनुमान मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था के केन्द्र रहें। हजारों श्रृद्धालु इन मंदिरो में पहुचें। हनुमान जी के दरवार में माथा टेका, प्रार्थना और विनती के साथ, सुंदरकाण्ड और हनुमान चालीसा के कार्यक्रमों में भाग लिया। शहर के तारवाले बालाजी मंदिर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड उमड़ी, मंदिर के अंदर और मंदिर के बाहर भी हनुमान जी के भक्त ही भक्त नजर आएं।

#### तारबाले बालाजी मंदिर पर श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा

शहर के तार वाले बालाजी मंदिर पर पूरे समय भीड़ रही। हजारो श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। हनुमान जी का यह दरबार सुबह 5 बजे से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया था और रात 12 बजे तक दरबार खुला रहा। सुबह सबसे पहले महाआरती का आयोजन हुआ। इस दौरान भगवान को 2 क्विंटल भोग लगाया गया। बालाजी सरकार के दरबार मे भक्तों ने प्रसाद चढ़ाया और शहर की खुशहाली की कामना की। इस दौरान सवा मन का भोग भी लगाया गया। एकेडमिक हाई स्कूल के बच्चे भी सामूहिक रूप से दर्शन करने आए और पूजा पाठ करते हुए देखा गया। अशोकनगर के पूर्व कलेक्टर और वर्तमान मे शहडौल कमिश्नर बीएस जामौद ने ऑनलाइन तार वाले बालाजी सरकार के दर्शन किए। श्रद्धालु अपने हाथों में गुलाब के फूलों की माला तो कोई गेंदा के फूलों की माला तो कोई अकउआ के पत्तों की माला लेकर पहुंचा। अनेक लोगों को दंडवत तरीके से प्रसिद्व तार वाले बालाजी सरकार के दरबार मे दर्शन करते हुए देखा गया। यहा भक्तों की भीड़ इतनी थी कि उन्हें प्रसाद चढ़ाने के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। मंदिर के बाहर प्रसाद पाने के लिए लोगों की कतार लगी देखी गई। यहा सुंदरकाण्ड और हनुमान चालीसा के पाठ होते देखे गए।

#### शहर के सभी हनुमान मंदिरों मे श्रद्धालु पहुंचे

हनुमान मंदिरों में सुबह से आरती के आयोजन हुए। शहर में हनुमान मंदिरों में जहां भक्तों ने दर्शन किए उनमें तारवाले बालाजी, पंचमुखी हनुमान मंदिर, मंशापूर्ण हनुमान मंदिर, शिवटोरिया हनुमान मंदिर, चिंताहरण हनुमान मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर, सराफा बाजार हनुमान मंदिर, ब्रम्हगौड शिव मंदिर, छैलाबाग स्थित हनुमान मंदिर, सिद्ध बाबा टोरिया, आसमानी माता मंदिर, मंहदीपुर बालाजी मंदिर सहित सभी हनुमान मंदिरों पर श्रृद्धालुओं ने दर्शन किए प्रसाद चढाया। मंदिरों के बाहर प्रसाद की दुकानें सजी रहीं। किसी ने श्रीफल चढ़ाया किसी ने गुड़ और चना चढ़ाया और कई लोग अन्य सामग्री लेकर पहुंचे।

#### पंचमुखी हनुमान मंदिर पर कई आयोजन हुए

पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के पंचमुखी प्रतिमा के दर्शन किए। सुंदरकांड, रामायण और हनुमान चालीसा का पाठ, भक्तों द्वारा मंदिर परिसर में बैठकर किया गया। पं. रामकिशन मिश्र ने बताया कि सुबह की भोर में पंचामृत और गंगाजल से हनुमान जी का स्नान कराया गया और महा आरती की गई तथा पंचमेवा और रितु फलों का भोग लगाया गया। दोपहर में राजभोग लगाया गया और हनुमान कवच के 11 पाठ के साथ हवन किया गया।

#### हनुमान जी को सवा क्विंटल के लड्डू का भोग लगाया गया

पछाडीखेड़ा हनुमान मंदिर शहर के प्राचीन मंदिरों में से एक है। यहां पर प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी सवा क्विंटल मेवा मिष्ठान के लडडू बनाए गए, और बालाजी को भोज लगाया गया। यहां पहुचने वाले श्रद्धालुओं को फरारी के रूप में साबूदाने की खिचड़ी प्रदान की गई। यहां श्रद्धालु खड़े होकर बालाजी की स्तुति करते हुए दिखाई दिए।

#### संकट मोचन मंदिर में लोगों ने प्रसाद चढ़ाया

संकट मोचन हनुमान मंदिर शहर से 2 किमी दूर हैं। इस मंदिर पर भी श्रृद्धालु अपने अपने ढंग से पहुंचते रहे। यहां श्रद्धालुओं ने मंदिर में प्रसाद चढ़ाया। इस दौरान हनुमानजी से प्रार्थना की कि उनके संकटों को वह हर ले और उन्हें नया रास्ता दिखाएं। लहर घाट, चिंताहरण मंदिर के साथ शहर के सभी मंदिरो पर श्रद्धालुओं को हनुमान जी की आराधना करते हुए देखा गया। कई जगह भण्डारे के आयोजन हुए। शिव टोरिया हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं को बूंदी का वितरण किया गया।

## कुटुम्ब न्यायालय से संबंधित मामले में बताया, समझौता सशक्त माध्यम है

**अशोकनगर।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पवन कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में मंगलवार को प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय उमेश पांडव की अध्यक्षता में एवं जिला न्यायाधीश/सचिव रश्मि मिश्रा की उपस्थिति में कुटुम्ब न्यायालय परिसर, अशोकनगर में मध्यस्थता जागरूकता शिविर साथ ही विशेष नशामुक्ति अभियान अंतर्गत नालसा (नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं) योजना, 2015 एवं नालसा (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा) योजना, 2016 अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय उमेश पाण्डव द्वारा उपस्थित पक्षकारों को कुटुम्ब न्यायालय से संबंधित मध्यस्थता यानी समझौता के बारे में बताया कि मध्यस्थता एक सशक्त माध्यम है। इसमें ऐसे सकारात्मक परिणाम प्राप्त होते हैं जिससे पक्षकारों के मध्य भविष्य की सभी मुकदमेबाजी की संभावना समाप्त होकर विरोधी पक्षों में सौहार्द्रपूर्ण संबंध स्थापित हो जाते हैं। इसी क्रम में जिला न्यायाधीश/सचिव रश्मि मिश्रा ने बताया कि मध्यस्थता एक ऐसी प्रक्रिया है, जिससे सौहार्दपूर्ण वातावरण निर्मित होता है एवं उसके आधार पर पक्षकारों के मध्य आपसी सुलह वार्ता कराई जाती है। मध्यस्थता की कार्यवाही के अंतर्गत पक्षकारों के विवाद एवं जानकारी को गोपनीय रखा जाता है। इस प्रकिया में दोनों पक्षों की जीत होती है, कोई नहीं हारता। साथ ही नालसा नशामुक्ति योजनातंर्गत बताया कि नशा सदैव अंधकारयुक्त होता है। जिले में ''मन'' नाम से एक नशा



मुक्ति केन्द्र स्थापित है। यदि कोई व्यक्ति नशा छोड़ना चाहे तो जिला चिकित्सालय अशोकनगर में नशामुक्ति केन्द्र में आकर संपर्क कर सकता है, जहां परामर्श, उपचार एवं फोलोअप के द्वारा उसको नशा मुक्त कराने का प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में यह जानकारी दी गई कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृद्वावस्था पेंशन एवं जिन वृद्वजन को घर से निकाल दिया है, वे अपने बच्चों से भरण-पोषण ले सकते हैं साथ ही उनके निवास हेतु प्रत्येक जिले में वृद्वाश्रम है, जहां वृद्वजनों को घर की तरह रखा जाता है। उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी बताया कि 11 मई 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय अशोकनगर एवं तहसील न्यायालय मुंगावली, चंदेरी एवं ईसागढ़ में किया जाना है। उक्त लोक अदालत में विभिन्न प्रकरणों जैसे- आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम, मोटर दुर्घटना दावा, प्रीलिटिगेशन प्रकरण, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अंतर्गत चैक बाउंस प्रकरण आदि प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा।

## कलेक्टर ने सात अपराधियों को किया जिला बदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा जिले में शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु विभिन्न अपराधों में लिप्त सात अपराधियों को जिला बदर किये जाने संबंधी आदेश जारी किये गये हैं।

जारी आदेशानुसार अनावेदक महाराज सिंह साहू पुत्र फूलचंद साहू उम्र 48 साल निवासी ग्राम पीलीघटा थाना शाढौरा के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 12 प्रकरण दर्ज होने पर 03 माह की कालावधि के लिए जिला बदर किया गया है। इसी राजू उर्फ राजकुमार पुत्र मोतीलाल जैन उम्र 54 साल निवासी ग्राम कदवाया के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 16 प्रकरण दर्ज होने पर, अनावेदक अनुज उर्फ अंकू पुत्र अशोक बैरागी उम्र 35 साल निवासी नईसराय थाना नईसराय के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 10 प्रकरण दर्ज होने पर,अनावेदक नेपाल सिंह पुत्र राजपाल सिंह बुंदेला उम्र 38 साल निवासी नानोन थाना चंदेरी के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 10 प्रकरण दर्ज होने पर,अनावेदक राजकुमार उर्फ जगीरा पुत्र गजराम सिंह यादव उम्र 24 साल निवासी लेक सिटी कालोनी थाना देहात के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 09 प्रकरण दर्ज होने पर 06-06 माह की कालावधि के लिए जिला बदर किये गये है। इसी प्रकार अनावेदक अनिल लोधी पुत्र चंदू उर्फ चंद्रभान लोधी उम्र 32 साल निवासी बमनावर थाना ईसागढ़ के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 10 प्रकरण दर्ज होने तथा अनावेदक गोविंद पुत्र पहलवान रजक उम्र 40 साल निवासी शंकर कालोनी थाना देहात के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 10 प्रकरण दर्ज होने पर एक-एक वर्ष की कालावधि के लिए जिला बदर किये जाने संबंधी आदेश जारी किया गया है। अनावेदकगण जिला बदर की अवधि में अशोकनगर जिले से लगे हुए समीपवर्ती जिला गुना, शिवपुरी, विदिशा एवं सागर की भौगौलिक सीमाओं से निष्कासित करने एवं बिना किसी विधि संगत एवं सक्षम आदेश/अनुमति के अशोकनगर जिले की सीमाओं के अंदर प्रवेश नही कर सकेंगे।

## शहर के कई पेट्रोल पंपों पर नहीं है डिजिटल पेमेंट की सुविधा



**अशोकनगर।** एक ओर देश मे ऑनलाइन पेमेंट के लिए लोगो को पे्ररित किया जा रहा है। सब्जी विक्रेतओ से लेकर छोटे छोटे दुकानदार भी ऑनलाइन डिजिटल पेमेंट की सुविधा उपलब्ध करा रहे है। लेकिन शहर के कई पेट्रोल पंप ऐसे भी है जहा इस तरह के ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा नही है। जबकि बड़े उपक्रम वाले संस्थानो पर इस तरह की सुविधा प्राथमिकता से उपलब्ध होना चाहिए।

देखने मे यह आ रहा है कि इन संस्थानो पर ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा न होने के कारण वह वाहन चालक परेशान होते है। जिनके पास कैश की सुविधा नही होती । वह इसी भरोसे मे ऑइल लेने इन पेट्रोल पंपो पर पहुचते हैं कि उन्हे आसानी से यह सुविधा मिल जाएगी। लेकिन ऐसी सुविधा न होने पर उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी तब होती है। जब वाहन चालक अपने वाहन में पेट्रोल या डीजल तो डलवा लेते है। लेकिन इधर उपभोक्ता पर कैश न होने उधर दूसरी ओर पंप पर ऑनलाइन डिजिटल पेमेंट सुविधा नही होने से विवाद की स्थिति पैदा हो जाती है। ऐसी स्थिति मे वाहन चालकों को तो परेशानी होती है साथ मे पंप संचालकों को भी परेशानी होती है। पंप संचालकों की इससे बिक्री प्रभावित होती है और कई वाहन चालक ऑनलाइन पेमेंट सुविधा न होने के कारण अन्य पेट्रोल पंपो पर चले जाते है। जिला प्रशासन के साथ ई गर्वेनेस विभाग व इससे जुडे उपक्रमो को भी इस दिशा मे ध्यान दिया जाना चाहिए ताकि वाहन चालक ऑनलाइन डिजिटल सुविधा का लाभ उठा सके।

## पृथ्वी दिवस पर अल्पविराम कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**अशोकनगर।** राज्य आनंद संस्थान भोपाल के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर आनंदक टीम द्वारा आनंद ग्राम रांवसर पहुंचकर शासकीय माध्यमिक विद्यालय में अल्पविराम परिचय कार्यक्रम आयोजित किया गया। आनंद विभाग के अंतर्गत राज्य आनंद संस्थान लगातार ऐसी गतिविधियां संचालित कर रहा है। जिससे कि समाज में एक आनंद पूर्ण वातावरण बने एक दूसरे के मददगार बने इसी भाव को लेकर के आनंद ग्राम रांवसर के 50 लोगों के साथ अल्पविराम कार्यक्रम आयोजित किया गया। अल्पविराम का मुख्य उद्देश्य यही है कि जो हम कार्य करने जा रहे हैं उसे करने से पहले थोड़ा रुक कर सोचें कि जो करने जा रहा हूं उससे स्वयं को,परिवार को, समाज को या प्रकृति को नुकसान तो नहीं होगा। जब हम इस प्रक्रिया से गुजर कर कार्य करते हैं तब वह किसी के लिए भी हानिकारक नहीं होता है। इस अवसर पर सभी ग्राम वासियों को जागरूक किया गया कि हम प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें। जल संरक्षण करें। पृथ्वी का संरक्षण करें। साथ ही ग्रामवासियों से आगामी 7 मई 2024 को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में आनंद ग्राम रांवसर के सरपंच सचिव संस्था के संस्था प्रधान समस्त स्टाफ राज्य आनंद संस्थान के जिला संपर्क प्रमुख बलवीर सिंह बुंदेला, मास्टर ट्रेनर हितेंद्र बुधौलिया एवं सतीश दुबे मौजूद रहे।

### धूमधाम के साथ मनाई गई हनुमान जयंती, जय श्रीराम के गूंजे जयकारे

# हनुमान जयंती पर निकले अखाड़े, दिखाए करतब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

हनुमान जंयती के मौंके पर शहर मे पूरे दिन उत्सव का माहौल रहा। एक के बाद एक कई अखाडे निकलते नजर आएं। अलग अलग हनुमान मंदिर से यह अखाडे निकलें। जिसमें कई हैरतअंगेज कारनामें प्रस्तुत किए। शहर में चैराहों पर यह अखाडे घण्टों प्रदर्शन करते रहें। कई मंदिरो के विमान भी शहर मे निकलते नजर आए।

इन चल समारोह की शुरूआत सुबह 8 बजे से हुई। तार बाले बालाजी मंदिर से चल समारोह शादियो की अधिकता और गर्मी का मौसम होने के कारण सुबह निकाला गया। इसी दौरान बजरंग व्यायाम शाला के पहलवानो ने कई करतब दिखाए। मलखम्ब पर यह पहलवान देखे गए। बाल व्यायाम शाला पटेल पार्क के अखाडेबाजों ने अखाडे में पहले बालाजी की पूजा की और बाद में ढोल नगाडों के साथ इदिरा पार्क से पुण्डिरी काक्ष हनुमान मंदिर होता हुआ व्यायाम शाला पहुचा। इस दौरान लाठी चलाने का प्रर्दशन किया गया। इस दौरान अखाडे में कई पुरूषों के साथ एक बालिका भी लाठी चलाने का



प्रदर्शन करते हुए देखी गई। बालरूपी बजरंग दल अखाडा की ओर से कोलुआ रोड नए बस स्टेण्ड से शुरू होकर तारबाले बालाजी मंदिर से यह अखाडा शाम 03 बजे निकाला गया। जिसमें ज्ञानी राजपूत के नेतृत्व में व्यायाम शाला के अखाडेबाजों ने अखाडे में लाठी, मुगदर आदि के कारनामें प्रस्तुत किए। एक रथ पर हनुमान जी महाराज की तस्वीर लगाई गई थी। यहां श्रृद्धालुओं ने आरती उतारीं। यह चल समारोह गांधी चैक से इंदिरा पार्क, सुभाष गंज, स्टेशन रोड आदि मार्गो से निकला। इसी प्रकार चिंताहरण मंदिर पठार से भी शाम की अवधी मे एक विमान निकाला गया विमान के साथ अखाडा भी नजर आया। इस दौरान कई हैरतअंगेज कारनामे प्रस्तुत किए गए। जगह जगह लोगो ने आरती उतारी। पूरा शहर हनुमानमय होता देखा गया।





